# वाईआरसी कैम्प में वाद-विवाद स्पर्धा में राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी ने पाया प्रथम स्थान



वाईआरसी कैम्प में भाग लेने वाली छात्राएं कॉलेज प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जाहिर करते हुए।

कनीना | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में चल रहे पांच दिवसीय रेड क्रॉस कैंप के दौरान आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी के प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में पांच दिवसीय रेडक्रॉस कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें महेंद्रगढ़ जिले के 11 महाविद्यालयों ने भाग लिया। इस कैम्प में प्रतिभागियों को प्राथमिक सहायता व आपदा प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। रेडक्रॉस द्वारा इस कैम्प के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी से 6 छात्राओं नेहा, मनीषा, प्रियंका, भतेरी, मोनिका व सरिता के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। महाविद्यालय की दो छात्राओं बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मोनिका ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन छात्राओं ने आधुनिक समय में मोबाइल के पक्ष व विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका कविता ने छात्राओं की कॉसलर के तौर पर अपनी भूमिका निभाई व छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

दैनिक भास्कर

दिनांक 18-02-2020